राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

**अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थानीय जनों से राज्यपाल ने किया संवाद, कहा दोनों ही पर्वतीय प्रदेश भारत के भाल**

## राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम स्थापना दिवस पर दी बधाई और शुभकामनाएं

जयपुर, 20 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने राजभवन में मंगलवार को इन दोनों ही राज्यों के निवासियों से मुलाकात कर उनसे संवाद भी किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि उत्तरकृपूर्व के यह दोनों ही राज्य भारत की संप्रभुता से जुड़े जनजातीय संस्कृति और परंपराओं की अनूठी धरोहर लिए है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम की प्राकृतिक संपन्नता और भेदभाव रहित परस्पर मेलजोल की संस्कृति की भी इस दौरान विशेष रूप से सराहना की।

श्री मिश्र ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम विविधता में एकता की भारत भूमि के विशिष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने श्एक भारत श्रेष्ठ भारतश के लिए सभी को मिलकर कार्य करने पर भी जोर दिया। इससे पहले उन्होंने इन दोनों राज्यों की स्थापना से जुड़े इतिहास और संविधान से जुड़ी भारतीय संस्कृ ति के बारे में भी स्थानीय जनों से संवाद किया।

अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के लोगों ने स्थापना दिवस पर राजभवन में आने के अपने अनुभव साझा करते राज्यपाल श्री मिश्र का आभार जताया। मिजोरम की सुश्री आपुई और सुश्री फेली ने गीत और मिजोरम अरुणाचल के लोगों ने वहां की संकृति से जुड़ी समवेत प्रस्तुति दी। सभी ने बाद में राजभवन स्थित संविधान उद्यान का अवलोकन कर सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री गौरव गोयल और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

———————




राजभवन, राजस्थान


राजभवन, राजस्थान
अरूणाचल प्रदेश एवं मिज़ोरम राज्य स्थापना दिवस समारोह
दिनांक 20 फरवरी, 2024
अरूणाचल प्रदेश

